# भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
**(ए श्रेणी –1 'मिनीरत्न' सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम)**
**AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA**
**( A CATEGORY -1 'MINI RATNA' PUBLIC SECTOR ENTERPRISE)**
क्षेत्रीय मुख्यालय (पश्चिम क्षेत्र), न्यू एअरपोर्ट कॉलोनी, विले पार्ले (पूर्व), मुंबई- 400099
REGIONAL HEADQUARTERS (WESTERN REGION), NEW AIRPORT COLONY,
VILE PARLE (EAST), MUMBAI- 400099


## भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, पश्चिम क्षेत्र के तहत विभिन्न संवर्ग में गैर कार्यपालकों की सीधी भर्ती

## विज्ञापन संख्या क्र. डीआर-02/10/2022/डब्ल्यूआर

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भा.वि.प्रा), भारत सरकार का सरकारी क्षेत्र का उपक्रम है। इसका गठन संसद के एक अधिनियम द्वारा किया गया। प्राधिकरण को देश में भूमि और हवाई दोनों में नागर विमानन अवसंरचना के सृजन, उन्नयन, रखरखाव और प्रबंधन का दायित्व सौपा गया है । भा.वि.प्रा को मिनी रत्न श्रेणी -1 का दर्जा प्रदान किया गया है |

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, पश्चिम क्षेत्र महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और गोवा के मूल निवासी योग्य उम्मीदवारों से पश्चिमी क्षेत्र में उपरोक्त राज्यों के विभिन्न हवाई अड्डों पर निम्नलिखित पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। उम्मीदवार नीचे दिए गए पदों के लिए एएआई वेबसाइट के करियर पेज में होस्ट किए गए अर्थात **https://www.aai.aero/en/careers/recruitment** ऑनलाइन आवेदन लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते है ।

### महत्वपूर्ण तिथियाँ

**(ऑनलाईन मोड के अलावा अन्य माध्यम से आवेदन और शुल्क स्वीकार नहीं किया जाएगा)**

| प्रसंग | दिनांक |
|---|---|
| आवेदन के ऑनलाइन पंजीकरण की प्रारंभिक तीथि | **15/10/2022** |
| ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | **14/11/2022** |
| ऑनलाइन परीक्षा की संभावित तिथि | भा.वि.प्रा की वेबसाइट www.aai.aero पर घोषित किया जाएगा |

आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव और अन्य सभी पात्रता की गणना **30.09.2022** की स्थिति के अनुसार की जाएगी।

1. **अ] पद का नाम/ पद का स्तर/ आरक्षण/ वेतनमान:**

| पद कोड | पद का नाम और स्तर | कुल पदों की संख्या | रिक्त पदों की संख्या एवं आरक्षण | | | | | | | वेतनमान (आयडीए) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना. | अ.जा | अ.ज.जा. | अ.पि.व. (एनसीएल) | ई डब्ल्यू एस | # इ.एस एम (शामील | पी डब्लु डी (शामील ) | |
| 1 | वरिष्ठ सहायक (राजभाषा) (एनई-06) | 06 | 06 | - | - | - | - | 01 | 02 | रु.36,000-3%-1,10,000/- |
| 2 | कनिष्ठ सहायक (मानव संसाधन) (एनई-04) | 07 | 04 | - | 01 | 02 | - | - | 04 | रु.31,000-3%-92,000/- |
| 3 | वरिष्ठ सहायक (प्रचालन) (एनई-06) | 04 | - | - | - | 03 | 01 | - | - | रु.36,000-3%-1,10,000/- |
| 4 | वरिष्ठ सहायक (इलेक्ट्रॉनिक्स) (एनई-06) | 03 | - | - | 01 | 02 | - | - | - | रु.36,000-3%-1,10,000/- |
| 5 | वरिष्ठ सहायक (वित्त) (एनई-06) | 12 | 06 | 01 | 02 | 02 | 01 | 02 | 01 | रु.36,000-3%-1,10,000/- |
| 6 | कनिष्ठ सहायक (अग्निशमन सेवाएं) (एनई-04) | 23 | 11 | 01 | 04 | 05 | 02 | 06 | निरंक | रु.31,000-3%-92,000/- |

**नोट:**

- **रिक्तियों की संख्या अस्थायी है और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के विवेकाधिकार पर बढ़ या घट सकती है। यदि आवश्यक हो तो बिना कोई नोटिस या कोई कारण जारी किए बिना भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण भर्ती प्रक्रिया को संशोधित/प्रतिबंधित/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है । प्रबंधन (मैनेजमेंट) का निर्णय अंतिम होगा और किसी भी अपील पर विचार नहीं किया जाएगा।**

- दिव्यांग पूर्व सैनिक (पोस्ट कोड 6 को छोड़कर) और कार्य करते हुए शहीद पूर्व सैनिकों के आश्रित भी पूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित पद के लिए आवेदन कर सकते हैं।

- # दिव्यांग पूर्व सैनिकों एवं युद्ध में शहीद पूर्व सैनिकों के आश्रितों के लिए 3 पद आरक्षित ।

- दिव्यांग उम्मीदवार नौकरी की विशिष्ट प्रकृति के कारण कनिष्ठ सहायक (अग्निशमन सेवा) के पद के लिए पात्र नहीं हैं।

**<u>शब्द-संक्षेप</u>** : ईडब्ल्यूएस = आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, एनसीएल = नॉन क्रीमी लेयर, ईएसएम = पूर्व सैनिक, पीडब्ल्यूडी = दिव्यांग व्यक्ति

पूर्व सैनिकों और पीडब्ल्यूडी (दिव्यांग व्यक्ति) का आरक्षण क्षैतिज आरक्षण ( हॉरिजॉन्टल) है, इसलिए ईएसएम / पीडब्ल्यूडी के लिए उल्लिखित रिक्तियों को संबंधित श्रेणियों यानी अना. / अ.जा. / अ.ज.जा / अ.पि.व. (एनसीएल)/ ईडब्ल्यूएस के लिए आरक्षित रिक्तियों में समायोजित किया जाएगा।

**पद के लिए उपयुक्त पहचानी गई दिव्यांगता की विभिन्न श्रेणियों की परिभाषा RPwDAct, 2016 के तहत परिभाषित की जाएगी।**

**<u>ब) दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) के लिए उपयुक्त पद की पहचान</u>**

| पद कोड | शारीरिक आवश्यकताएं | दिव्यांग के लिए उपयुक्त नौकरियों की श्रेणियाँ |
|---|---|---|
| 01 | एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, आरडब्ल्यू, एसई, एच, सी, एमएफ | क) बी, एलवी<br>ख) डी, एचएच<br>ग) ओए, बीए, बीएल, ओएल, ओएएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एमडीवाय, बिना किसी संबंधित न्यूरोलॉजिकल / अंग की शिथिलता के साथ एसडी / एसआय, ओए, बीए, बीएल, ओएल, ओएएल के संबंधित अंग की शिथिलता के साथ एसडी / एसआय<br>घ) एएसडी (एम, एमओडी), एसएलडी, एमआय<br>ड) ऊपर (क) से (घ) को शामिल करने वाले एमडी |
| 02 | एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, आरडब्ल्यू, एसई, एच, सी, एमएफ | क) बी, एलवी<br>ख) डी, एचएच<br>ग) ओए, बीए, बीएल, ओएल, ओएएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, बिना किसी संबंधित न्यूरोलॉजिकल / अंग की शिथिलता के साथ एसडी / एसआय, ओए, बीए, बीएल, ओएल, ओएएल के संबंधित अंग की शिथिलता के साथ एसडी / एसआय<br>घ) एएसडी, एसएलडी, एमआय<br>ड) ऊपर (क) से (घ) को शामिल करने वाले एमडी |
| 03 | एस, एसटी, आरडब्ल्यू, एमएफ, डब्ल्यू | ख) बहरे और सुनने में मुश्किल<br>ग) लोकोमोटर दिव्यांगता समेत कुष्ठ रोग से ठीक, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित (ओए, ओएल), बिना किसी संबंधित न्यूरोलॉजिकल / अंग की शिथिलता के साथ एसडी / एसआय, ओए/ ओएल के संबंधित अंग की शिथिलता के साथ एसडी / एसआय<br>घ) ऊपर (ख) से (ग) को शामिल करने वाले एमडी |

| | | |
|---|---|---|
| 04 | एस, एसटी, बीएन, एच, सी, आरडब्ल्यू, एसई, एमएफ | क)एसिड अटैक पीड़ित और बौनापन {विमान अधिनियम, 1934 के दिनांक 01.02.2008 से संशोधित सुरक्षा सेवा के अधीन) |
| 05 | एस, एसटी, डब्ल्यू, बीएन, आरडब्ल्यू, एसई, एच, सी, एमएफ | क) बी, एलवी<br>ख) डी, एचएच<br>ग) ओए, बीए, बीएल, ओएल, ओएएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, बिना किसी संबंधित न्यूरोलॉजिकल / अंग की शिथिलता के साथ एसडी / एसआय, ओए, बीए, बीएल, ओएल, ओएएल के संबंधित अंग की शिथिलता के साथ एसडी / एसआय<br>घ) एएसडी (एम, एमओडी), एसएलडी, एमआय<br>ड) ऊपर (क) से (घ) को शामिल करने वाले एमडी |

**प्रयुक्त श्रेणी संक्षिप्ताक्षर**: बी: ब्लाइंड, एलवी: लो विजन, डी: डेफ, एचएच: हार्ड ऑफ हियरिंग, ओए: वन आर्म, ओएल: वन लेग, बीएल: दोनों लेग, ओएएल: वन आर्म एंड वन लेग, बीए: दोनों आर्म , सीपी: सेरेब्रल पाल्सी, एलसी: कुष्ठ रोग ठीक, डीडब्ल्यू: बौनापन, एएवी: एसिड अटैक विक्टिम्स, एमडीवाय: मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, एएसडी: ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एम: माइल्ड, एमओडी: मॉडरेट), आयडी: बौद्धिक दिव्यांगता, एसएलडी: विशिष्ट शिक्षा दिव्यांगता, एमआय: मानसिक बीमारी, एमडी: एकाधिक दिव्यांगता, एसडी: रीढ़ की हड्डी की विकृति, एसआय: रीढ़ की हड्डी की चोट

**कार्यात्मक आवश्यकता संकेताक्षर प्रयुक्त**:, एस: बैठना, एसटी: खड़े, डब्ल्यू: चलना, बीएन: झुकना, आरडब्ल्यू: पढ़ना और लिखना, एसई: देखना, एच: सुनना, सी: संपर्क , एमएफ: उंगलियों द्वारा हेरफेर

**2. <u>परिलब्धियाँ :</u>**

भा.वि.प्रा के नियम एवं विनियम के अनुसार मूल वेतन के अतिरिक्त महंगाई भत्ता ,मूल वेतन के 35% के दर से पर्क्स, एचआरए तथा अन्य लाभ जिसमें सीपीएफ, ग्रेच्युटी, सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ , चिकित्सा लाभ आदि शामिल है।

**3. आयु सीमा :**

**(अ) आयु सीमा : 30.09.2022 को 18 से 30 वर्ष की आयु।**

**(ब) आयु में छूट**

i) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट है।

ii) अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर) उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट है।

iii) दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट है। अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 05 वर्ष और अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर ) उम्मीदवारों के लिए 03 वर्ष की अतिरिक्त छूट। पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों को उस श्रेणी का उल्लेख करना चाहिए जिससे वह संबंधित है- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति /अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल)/ अनारक्षित। केंद्र/राज्य सरकार द्वारा विधिवत गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप में दिव्यांगता प्रमाण पत्र द्वारा समर्थित शारीरिक अक्षमता/विकृति की सीमा न्यूनतम 40% होनी चाहिए।

iv) भारत सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित किए गए आदेशों के अनुसार पूर्व सैनिकों के लिए, आयु में छूट लागू है। दिव्यांग पूर्व सैनिक और कार्य करते हुए शहीद पूर्व सैनिकों के आश्रित भी अधिसूचित पद के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। ईएसएम उम्मीदवारों को उस श्रेणी का उल्लेख करना चाहिए जिससे वह संबंधित है -अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) / अनारक्षित।

v) विधवाओं, तलाकशुदा महिलाओं और न्यायिक रूप से अपने पति से अलग हुई महिलाओं तथा जिन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया है उनके लिये अधिकतम आयु सीमा में 35 वर्ष (अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के लिए 40 वर्ष और अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर ) उम्मीदवारों के लिए 38 वर्ष तक) की छूट दी जाएगी।

vi) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की नियमित सेवा में कार्य करने वाले विभागीय उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट है।

vii) मैट्रिक/माध्यमिक परीक्षा प्रमाणपत्रों में दर्ज जन्म तिथि को ही स्वीकार किया जाएगा। जन्म तिथि में परिवर्तन के किसी भी अनुरोध पर बाद में विचार नहीं किया जाएगा।

**4. शैक्षणिक योग्यता/अनुभव:**

| पद कोड | पद का नाम और स्तर | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | अनुभव |
|---|---|---|---|
| 1. | वरिष्ठ सहायक (राजभाषा) (एनई-06) | स्नातक स्तर पर एक विषय के रूप में अंग्रेजी सहित हिंदी में स्नातकोत्तर<br><br>**अथवा**<br><br>स्नातक स्तर पर एक विषय के रूप में हिंदी सहित अंग्रेजी में स्नातकोत्तर<br><br>**अथवा**<br><br>किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी/अंग्रेजी के अलावा किसी भी विषय में स्नातकोत्तर और स्नातक स्तर पर अनिवार्य / वैकल्पिक विषयों के रूप में हिंदी और अंग्रेजी ।<br><br>**अथवा** | संबंधित डिसिप्लिन में 2 साल का संगत अनुभव |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | हिंदी विषय के साथ तथा अंग्रेजी माध्यम से किसी भी मान्यता प्राप्त प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी/अंग्रेजी विषय को छोडकर स्नातकोत्तर तथा स्नातक स्तर पर अनिवार्य / वैकल्पिक विषय अथवा परीक्षा के माध्यम से किसी भी विषय में स्नातकोत्तर ।<br>अर्थात यदि स्नातक स्तर पर हिंदी माध्यम है तो अंग्रेजी अनिवार्य/वैकल्पिक विषय के रूप में होना चाहिए या यदि अंग्रेजी माध्यम है तो हिंदी अनिवार्य/वैकल्पिक विषय के रूप में होना चाहिए।<br><br>**अथवा**<br><br>मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक जिसमें हिंदी और अंग्रेजी अनिवार्य / वैकल्पिक विषय हो या दोनों में से कोई एक परीक्षा का माध्यम हो और दूसरा अनिवार्य/वैकल्पिक विषय हो तथा साथ में हिंदी से अंग्रेजी और अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद का डिप्लोमा / सर्टिफिकेट का कोर्स किया हुआ हो<br><br>**अथवा**<br><br>भारत सरकार के उपक्रमों या प्रतिष्ठित संगठनों सहित केंद्र/राज्य सरकार के कार्यालयों में हिंदी से अँग्रेजी और अँग्रेजी से हिन्दी अनुवाद में दो साल का अनुभव ।<br><br>वांछनीयः हिन्दी टंकण का ज्ञान। | |
| 2. | कनिष्ठ सहायक (मानव संसाधन) (एनई-04) | स्नातक + 30/25 शब्द प्रति मिनट अंग्रेजी/हिंदी टाइपिंग की गति। | संबंधित डिसिप्लिन में 2 साल का संगत अनुभव |
| 3. | वरिष्ठ सहायक (प्रचालन) (एनई-06) | 30.09.2022 को वैध लाइट मोटर वाहन लाइसेंस के साथ स्नातक ।<br>प्रबंधन में डिप्लोमा धारक को वरीयता दी जाएगी । | संबंधित डिसिप्लिन में 2 साल का संगत अनुभव |
| 4. | वरिष्ठ सहायक (इलेक्ट्रॉनिक्स) (एनई-06) | इलेक्ट्रॉनिक्स / दूरसंचार/ रेडियो इंजीनियरिंग में डिप्लोमा | संबंधित डिसिप्लिन में 2 साल का संगत अनुभव |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5. | वरिष्ठ सहायक (वित्त) (एनई-06) | अधिमानता : बी.कॉम में स्नातक तथा कंप्यूटर में 3 से 6 महीनों का प्रशिक्षण पाठ्यक्रम । | संबंधित डिसिप्लिन में 2 साल का संगत अनुभव |
| 6. | कनिष्ठ सहायक (अग्निशमन सेवाएं) (एनई-04) | शैक्षिक योग्यता: न्यूनतम 50% अंकों के साथ मैकेनिकल/ऑटोमोबाइल/ अग्निशमन में 10+3 वर्ष का नियमित डिप्लोमा;<br><br>अथवा<br><br>50% अंकों के साथ 12वीं पास (नियमित अध्ययन)<br><br><u>ड्राइविंग लाइसेन्स:</u><br><br>क) वैध भारी वाहन ड्राइविंग लाइसेंस;<br><br>अथवा<br><br>ख) 30.09.2022 से कम से कम एक साल पहले जारी किया गया वैध मध्यम वाहन लाइसेंस;<br><br>अथवा<br><br>ग) 30.09.2022 से कम से कम दो साल पहले जारी किया गया वैध लाइट मोटर वाहन लाइसेंस ।<br><br>(ख) एवं (ग) के मामले में, पदधारी को अपनी परिवीक्षा अवधि पूरी होने से पहले नियुक्ति के एक वर्ष के भीतर हैवी ड्यूटी ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करना होगा। यदि वे हैवी ड्यूटी ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने में असफल रहते हैं, तो हैवी ड्यूटी ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए उनकी परिवीक्षा अवधि को एक और वर्ष के लिए बढ़ाया जायेगा, ऐसे समय तक, उनकी पुष्टि नहीं की जाएगी और उनकी वेतन वृद्धि भी रोक दी जाएगी। इसके अलावा, दो साल से अधिक कोई और एक्सटेंशन नहीं दिया जाएगा और उनकी सेवाएं समाप्त हो जाएंगी। | |

**टिप्पणी:-**

i) **बाहरी उम्मीदवार**: भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त /डीम्ड विश्वविद्यालय से डिग्री /डिप्लोमा / परास्नातक रखने वाले उम्मीदवार आवेदन करने के लिए पात्र होंगे।

ii) **विभागीय उम्मीदवार:** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के विभागीय उम्मीदवार जिसके पास आवश्यक न्यूनतम योग्यता के अनुसार अंशकालिक / पत्राचार / दूरस्थ शिक्षा मोड के माध्यम से मान्यता प्राप्त डिग्री हैं, वे भी आवेदन करने के लिए पात्र होंगे।

## 5. पदों के लिए भौतिक मानक (पोस्ट कोड: 3 & 6)

### अ) वरिष्ठ सहायक (प्रचालन) (पोस्ट कोड : 3)

| | |
|---|---|
| **शारीरिक गठन** | अच्छा |
| **नेत्र दृष्टि** | **दूर दृष्टि**: 6/6 बिना चश्मे के प्रत्येक आँख के साथ<br>**निकट दृष्टि**: N5 प्रत्येक आँख के साथ व्यक्तिगत रूप से और दोनों आँखों के साथ संयुक्त या बिना चश्मे के<br>**रंग दृष्टि:** इस्चिहारा ( Ischihara) चार्ट निर्धारण के अनुसार सामान्य होना चाहिए।<br>**रतौंधी**: अनुपस्थित<br>**दृष्टि का क्षेत्र:** कॉनफ्रंटेशन परीक्षण द्वारा किए गए निर्धारण के अनुसार प्रत्येक आंख का पूरा फील्ड ऑफ विज़न होना चाहिए। |
| **कद** | न्यूनतम 168 से.मी |
| **वजन** | न्यूनतम 56 कि.ग्रा. |
| **सीना** | विस्तार से पहले सामान्य 81 से.मी<br>न्यूनतम विस्तार 5 सेमी (86 से.मी) |

### ब) कनिष्ठ सहायक (अग्निशमन सेवाएं) (पोस्ट कोड : 6)

| | | |
|---|---|---|
| **शारीरिक गठन** | अच्छा | |
| **नेत्र दृष्टि** | **दूर दृष्टि** : 6/6 प्रत्येक आँख बिना चश्मे के<br>**नजदीक की दृष्टि**: N5 प्रत्येक आंख बिना चश्मे के<br>(विजुअल मूल्यांकन प्रत्येक आंख के लिए अलग-अलग है)<br>**कलर विज़न :** इस्चिहारा ( Ischihara) चार्ट निर्धारण के अनुसार सामान्य होना चाहिए।<br>**रतौंधी** : अनुपस्थित<br>**दृष्टि का क्षेत्र** : कॉनफ्रंटेशन परीक्षण द्वारा किए गए निर्धारण के अनुसार प्रत्येक आंख का पूरा फील्ड ऑफ विज़न होना चाहिए।<br>**रेफेरेक्टिव एरर** : कोई अपवर्तक त्रुटि (रेफेरेक्टिव एरर ) स्वीकार्य नहीं है। | |
| **कद** | **पुरुष उम्मीदवारों के लिए:**<br>न्यूनतम 167 सेमी | **महिला उम्मीदवारों के लिए:**<br>न्यूनतम 157 सेमी |

| | | |
|---|---|---|
| **सीना*** | **पुरुष उम्मीदवारों के लिए:**<br>विस्तार से पहले सामान्य 81 से.मी<br>न्यूनतम विस्तार 5 से.मी | **महिला उम्मीदवारों के लिए:**<br>लागू नहीं |
| **वज़न*** | **पुरुष उम्मीदवारों के लिए:**<br>न्यूनतम 55 कि.ग्रा. | **महिला उम्मीदवारों के लिए:**<br>न्यूनतम 45 कि.ग्रा. |
| **श्रवण शक्ति** | सामान्य | |
| **भाषण** | सामान्य | |
| * बोनाफाइड प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर पहाड़ी क्षेत्र के उम्मीदवारों को ऊंचाई और छाती के माप में 3 सेमी की छूट और वजन में आनुपातिक छूट की अनुमति दी जाएगी। हालांकि, छाती का न्यूनतम फुलाव 5 सेंमी होना चाहिए । **किसी अन्य श्रेणी को कोई अन्य छूट नहीं दी जाएगी।** | | |
| <u>**निरर्हता**</u>: घुटने टेकना, पैर झुकना, भेंगेपन का विचलन, चपटा पैर, शारीरिक विकृति, पुरानी बीमारियों से पीड़ित, अग्निशमन सेवा में काम करने के लिए उसकी शारीरिक फिटनेस के आधार पर किसी भी बड़े ऑपरेशन को अयोग्यता माना जाएगा। | | |

## 6. चयन का तरीका

### अ) चयन प्रक्रिया :

| पद कोड | पद का नाम | चयन प्रक्रिया |
|---|---|---|
| 1 | वरिष्ठ सहायक (राजभाषा) | 1. कंप्यूटर आधारित (ऑनलाइन) टेस्ट;<br>2. प्रमाण पत्र/दस्तावेज सत्यापन; |
| 2 | कनिष्ठ सहायक (मानव संसाधन) | 1. कंप्यूटर आधारित (ऑनलाइन) टेस्ट;<br>2. प्रमाण पत्र/दस्तावेज सत्यापन;<br>3. ट्रेड टेस्ट (टाइपिंग टेस्ट);<br>उम्मीदवार को आगे की चयन प्रक्रिया के लिए टाइपिंग टेस्ट पास करना होगा । |
| 3 | वरिष्ठ सहायक (प्रचालन) | 1. कंप्यूटर आधारित (ऑनलाइन) टेस्ट;<br>2. (i)प्रमाणपत्र/दस्तावेज सत्यापन;<br>(ii)मेडिकल फिटनेस / फिजिकल मेजरमेंट टेस्ट;<br>(iii) ड्राइविंग टेस्ट- उम्मीदवार को ड्राइविंग टेस्ट में 100 में से 60 अंक प्राप्त करने होंगे।<br><br>जो उम्मीदवार ऊपर वर्णित किसी भी स्तर पर पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करते हैं, उन्हें चयन प्रक्रिया के अगले चरण के लिए पात्र नहीं माना जाएगा और उन्हें आगे की चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। |
| 4 | वरिष्ठ सहायक (इलेक्ट्रॉनिक्स) | 1. कंप्यूटर आधारित (ऑनलाइन) टेस्ट;<br>2. प्रमाण पत्र/दस्तावेज सत्यापन;<br>3. ऐब-इनिशियों ट्रेनिंग - 14 सप्ताह |

| | | |
|---|---|---|
| | | वरिष्ठ सहायक (इलेक्ट्रॉनिक्स) के लिए लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने पर, शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को केवल प्रमाण पत्र / दस्तावेजों के सत्यापन के अधीन 14 सप्ताह की अवधि के लिए ऐब-इनिशियों प्रशिक्षण से गुजरना होगा। इसमें से 10 सप्ताह की अवधि सीएटीसी, आरटीसी और अन्य केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। इसके बाद, प्रबंधन द्वारा तय किए गए अनुसार, पोस्टिंग के स्टेशन पर 4 सप्ताह की अवधि के लिए ऑन जॉब ट्रेनिंग (OJT) होगी। प्रदर्शन के अधीन, प्रशिक्षण को बंद किया जा सकता है, इस प्रकार गैर-अनुपयुक्तता और अपर्याप्त प्रदर्शन के परिणामस्वरूप उम्मीदवार की सेवा समाप्त की जा सकती है।<br><br>प्रशिक्षण अवधि के दौरान, उम्मीदवार नियमानुसार 25,000/- रुपये प्रति माह के वृत्ति के पात्र हैं।<br><br>प्रशिक्षण में सफल घोषित किए गए उम्मीदवारों को ही नियुक्ति आदेश जारी किया जाएगा। |
| 5 | वरिष्ठ सहायक (वित्त) | 1. कंप्यूटर आधारित (ऑनलाइन) टेस्ट;<br>2. प्रमाण पत्र/दस्तावेज सत्यापन; |
| 6 | कनिष्ठ सहायक (अग्निशमन सेवाएं) | 1. कंप्यूटर आधारित (ऑनलाइन) टेस्ट;<br>2 (i) प्रमाणपत्र/दस्तावेज सत्यापन;<br><br>कनिष्ठ सहायक (अग्निशमन सेवाएं) के पद के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को 30.09.2022 को कम से कम दो साल पहले जारी वैध लाइट मोटर व्हीकल ड्राइविंग लाइसेंस या 30.09.20 को कम से कम एक साल पहले जारी वैध मध्यम वाहन ड्राइविंग लाइसेंस या वैध भारी वाहन ड्राइविंग लाइसेंस दस्तावेज़ सत्यापन / ड्राइविंग टेस्ट के समय प्रस्तुत करना होगा, असफल होने पर, उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा। अस्थायी / लर्निंग लाइसेंस स्वीकार नहीं किया जाएगा।<br><br>(ii) मेडिकल फिटनेस / फिजिकल मेजरमेंट टेस्ट;<br><br>(iii) ड्राइविंग टेस्ट (लाइट मोटर वेहिकल पर आयोजित किया जाएगा)। ड्राइविंग टेस्ट में उत्तीर्ण घोषित उम्मीदवार को केवल शारीरिक क्षमता परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी।<br><br>(iv)**शारीरिक क्षमता परीक्षा में शामिल परीक्षाए :<br>क) 100 मीटर दौड़ना,<br>ख) रस्सी पर चढ़ना,<br>ग) खंबे चढ़ाई<br>घ) मानव डमी के साथ 60 मीटर दौड़<br>ड) पूरी सीढ़ी चढ़ना<br><br>प्रत्येक परीक्षा में अधिकतम 20 अंक होंगे।<br>उम्मीदवार को शारीरिक क्षमता परीक्षा में 100 में से 60 अंक प्राप्त |

| | | |
|---|---|---|
| | | करने होंगे। जो उम्मीदवार ऊपर वर्णित किसी भी स्तर पर पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करते हैं, उन्हें चयन प्रक्रिया के अगले चरण के लिए पात्र नहीं माना जाएगा और उन्हें आगे की चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।<br><br>3. बेसिक ट्रेनिंग कोर्स (बीटीसी) - 18 सप्ताह<br><br>कनिष्ठ सहायक (अग्निशमन सेवाएं) के पद पर नियुक्ति पात्रता शर्तों को पूरा करने और 18 सप्ताह के बुनियादी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने के अधीन है जिसमें 02 सप्ताह का प्रशिक्षण विशेष रूप से भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण प्रशिक्षण संस्थान से भारी शुल्क वाहन पर रखरखाव और ड्राइविंग पर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए होगा।<br><br>प्रशिक्षण अवधि के दौरान, उम्मीदवार नियमानुसार 25,000/- रुपये प्रति माह के वृत्ति के पात्र हैं।<br><br>चयन प्रक्रिया के दौरान हुई किसी भी चोट के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण जिम्मेदार नहीं होगा।<br><br>प्रशिक्षण में सफल घोषित किए गए उम्मीदवारों को ही नियुक्ति आदेश जारी किया जाएगा। |

**नोट: वरिष्ठ सहायक (प्रचालन), कनिष्ठ सहायक (अग्निशमन सेवाएं) और कनिष्ठ सहायक (मानव संसाधन) के पद के लिए ट्रेड टेस्ट पास करने को योग्यता मानदंड माना जाएगा। उम्मीदवार को सभी ट्रेड टेस्ट में पास होना चाहिए। किसी भी ट्रेड टेस्ट में उत्तीर्ण नहीं होने की स्थिति में, उसे आगे की चयन प्रक्रिया के लिए अयोग्य माना जाएगा। अंतिम योग्यता केवल लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तय की जाएगी।**

****कनिष्ठ सहायक (अग्निशमन सेवाएं) के लिए शारीरिक क्षमता परीक्षा (फ़िज़िकल एंडुरंस टेस्ट)**

**अ) पुरुष उम्मीदवारों हेतु शारीरिक क्षमता परीक्षा**

| मद → / अंक ↓ | 100 मी. दौड़(सैकंड में) | रस्सी पर चढ़ना (कुल समय 20 सैकंड ) (8 मीटर) | खंभे पर चढ़ना ( कुल समय 30 सैकंड ) (8 मीटर) | मानव डमी सहित 60 मीटर भागना। (50 कि.ग्रा) ( सैकंड में) | पूरी सीढ़ी पर चढ़ना । (सैकंड में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 20 | 12 | पूर्ण उँचाई | पूर्ण उँचाई | 20 | 35 |
| 18 | 13 | --- | --- | | 45 |
| 16 | 14 | 3/4 ऊंचाई | 3/4 ऊंचाई | 30 | 60 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 14 | 15 | --- | --- | | 75 |
| 12 | 16 | 2/3 ऊंचाई | 2/3 ऊंचाई | 40 | 90 |
| 10 | | 1/2 ऊंचाई | 1/2 ऊंचाई | | |
| 8 | | 1/3 ऊंचाई | 1/3 ऊंचाई | | |

निम्नलिखित मामलों पर शून्य (0) अंक दिए जाएंगे :-

(i) 100 मीटर दौड़ में 16 सैकंड से अधिक समय।

(ii) मानव डमी (50 कि. ग्रा) सहित 60 मीटर की दौड में 40 सैकंड से अधिक समय|

(iii) 20 सैकंड में 1/3 ऊंचाई से कम रस्सी की चढ़ाई।

(iv) 30 सैकंड में 1/3 ऊंचाई से कम खंबे पर चढ़ाई|

(v) पूर्ण सीढ़ी की चढ़ाई में 90 सैकंड से अधिक समय ।

**<u>नोट 1 :</u>**

- **100 मीटर दौड़ को 16 सैकंड में पूरा करना आवश्यक है, ऐसा नहीं करने पर उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।**
- **रस्सी और खंबे की कुल ऊंचाई 2 मीटर जोड़ने के बाद होगी। पुरुष के लिए उदाहरण 2+6=8 मीटर**
- **सीढ़ी जमीनी स्तर से 6 मीटर तक की ऊंचाई पर लगाई जाएगी ।**

**(ब) महिला उम्मीदवारों के लिए शारीरिक क्षमता परीक्षण**

| मद → / अंक ↓ | 100 मी. दौड़ (सैकंड में) | रस्सी पर चढ़ना (कुल समय 20 सैकंड) (6 मीटर) | खंबे पर चढ़ना (कुल समय 30 सैकंड) (6 मीटर) | मानव डमी सहित 60 मीटर भागना। (30 कि.ग्रा) (सैकंड में) | पूरी सीढ़ी पर चढ़ना । (सैकंड में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 20 | 15 | पूर्ण उँचाई | पूर्ण उँचाई | 25 | 40 |
| 18 | 16 | --- | --- | --- | 50 |
| 16 | 17 | 3/4 ऊंचाई | 3/4 ऊंचाई | 35 | 65 |
| 14 | 18 | --- | --- | --- | 80 |
| 12 | 19 | 2/3 ऊंचाई | 2/3 ऊंचाई | 45 | 100 |
| 10 | | 1/2 ऊंचाई | 1/2 ऊंचाई | | |
| 8 | | 1/3 ऊंचाई | 1/3 ऊंचाई | | |

निम्नलिखित मामलों पर शून्य (0) अंक दिए जाएंगे :-

(i) 100 मीटर दौड़ में 19 सेकेंड से अधिक समय ।

(ii) मानव डमी (30 कि.ग्रा) सहित 60 मीटर की दौड़ में 45 सैकंड से अधिक समय।

(iii) 20 सैकंड में 1/3 ऊंचाई से कम रस्सी कि चढ़ाई।

(iv) 30 सैकंड में 1/3 ऊंचाई से कम खंबे पर चढ़ाई।

(v) पूरी सीढ़ी की चढ़ाई में 100 सैकंड से अधिक समय ।

**<u>नोट 2 :</u>**

- **100 मीटर दौड़ को 19 सैकंड में पूरा करना आवश्यक है, ऐसा नहीं करने पर उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।**

- **रस्सी और खंबे की कुल ऊंचाई 2 मीटर जोड़ने के बाद होगी। महिला के लिए उदाहरण 2+4=6 मीटर**
- **सीढ़ी जमीनी स्तर से 6 मीटर की ऊंचाई पर लगाई जाएगी ।**

**<u>नोट 3:</u> पुरुष और महिला उम्मीदवारों के लिए शारीरिक क्षमता परीक्षा हेतु अंको की न्यूनतम अर्हता 100 में से 60 होगी।**

शारीरिक अर्हता परीक्षा केवल क्वालिफ़ाई प्रवृति की होगी तथा क्वालिफ़ाई होने के लिए उम्मीदवार को पांच (5) निर्धारित शारीरिक अर्हता परीक्षा में न्यूनतम 60 अंक प्राप्त करने होंगे। कनिष्ठ सहायक (अग्निशमन सेवा) के पद हेतु चयन के संबंध में अंतिम मैरिट सूची केवल लिखित परीक्षा के अंकों के आधार पर होगी ।

अंक, जैसा की ऊपर उल्लिखित है, के लिए कड़ाई से पालन किया जाएगा और शारीरिक क्षमता परीक्षा के संबंध में प्रो-रेटा आधार पर अंको की अनुमति नहीं होगी ।उदाहरणस्वरूप, यदि पुरुष उम्मीदवार मानव डमी के साथ 60 मीटर की दौड़ 35 सैकंड में पूरी करता है तो उसे केवल 12 अंक प्राप्त होंगे।

i) आवेदन पत्र में दिए गए विवरण के आधार पर, उम्मीदवारों को ऑनलाइन परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा और तदनुसार उन्हें प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। ऑनलाइन परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र पात्र उम्मीदवारों को उनके पंजीकृत ई-मेल आईडी पर ही भेजा जाएगा।

ii) उम्मीदवारों द्वारा किए गए गलत उत्तर के लिए कोई नकारात्मक अंकन नहीं होगा ।

iii) उम्मीदवारों को ऑनलाइन परीक्षा में उनके प्रदर्शन के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया जाएगा और उन्हें पद के लिए लागू दस्तावेजो के सत्यापन / फ़िज़िकल मेजरमेंट टेस्ट, ड्राइविंग टेस्ट और शारीरिक क्षमता परीक्षा / ट्रेड टेस्ट के लिए बुलाया जाएगा।

iv) दस्तावेजो के सत्यापन/शारीरिक मापन परीक्षा, ड्राइविंग टेस्ट और शारीरिक क्षमता परीक्षा/ ट्रेड टेस्ट के लिए
चुने गए उम्मीदवारों के रोल नंबर, जैसा कि पद के लिए लागू है, केवल भा.वि.प्रा वेबसाइट पर घोषित किये जाएंगे। शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को कॉल लेटर केवल उनके पंजीकृत ईमेल आईडी पर ही भेजे जाएंगे।

v) दस्तावेज़ सत्यापन के दौरान, उम्मीदवार को मूल प्रमाणपत्र के साथ-साथ पहचान का प्रमाण और सभी प्रमाणपत्रों की स्व-अभिप्रमाणित प्रतिलिपि का एक सेट प्रस्तुत करना होगा। । यदि उम्मीदवार की पहचान संदेहास्पद हैं या वह अपेक्षित दस्तावेज़ प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हैं या दस्तावेजों में जानकारी का मेल नहीं हैं, उसकी उम्मीदवारी अस्वीकृत कर दी जाएगी। मूल दस्तावेज़ प्रस्तुत करने के लिए कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा ।

vi) वरिष्ठ सहायक (प्रचालन ) के पद के लिए: लाइट मोटर वेहिकल ड्राइविंग लाइसेन्स अनिवार्य हैं। अस्थायी/लर्निंग लाइसेन्स स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

vii) उम्मीदवारों का अनंतिम चयन पद के लिए लागू ऑनलाइन परीक्षा में उनके प्रदर्शन के आधार पर तैयार की गयी योग्यता सूची के अनुसार होगा जो शारीरिक मापन परीक्षा, ड्राइविंग टेस्ट और क्षमता परीक्षा के लिए निर्धारित अन्य सभी पात्रता मानदंडो को पूरा करने के अधीन होगा ।

viii) नियुक्ति के लिए अनंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों के रोल नंबर भा.वि.प्रा की वेबसाइट पर घोषित किए जाएंगे। प्रस्ताव पत्र अनंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों को उनके पंजीकृत ई-मेल आईडी पर ही भेजे जाएंगे। वरिष्ठ सहायक (इलेक्ट्रॉनिक्स) और कनिष्ठ सहायक (अग्निशमन) के पद के लिए चयनित उम्मीदवारों को प्रशिक्षण से गुजरना होगा, जिसके दौरान उन्हें भा.वि.प्रा के नियमानुसार वृत्ति का भुगतान किया जाएगा ।

ix) उम्मीदवारों का चयन अनंतिम होगा, जो की पात्रता मानदंडो से संबंधित दस्तावेजो, चरित्र और पूर्ववृत/ पुष्ठभूमि की जाँच, जाति प्रमाणपत्र /अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर प्रमाणपत्र)/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग प्रमाणपत्र/दिव्यांगता प्रमाणपत्र/डिस्चार्ज प्रमाणपत्र और उम्मीदवार द्वारा जमा किए गए अन्य दस्तावेजों के सत्यापन के अधीन होगा और पद के लिए अपेक्षित चिकित्सा मानकों को उसके द्वारा पूरा करने और भा.वि.प्रा के नियमों के अंतर्गत नियुक्तियों के लिए लागू अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने के अधीन होगा।

x) वरिष्ठ सहायक (इलेक्ट्रॉनिक्स) और कनिष्ठ सहायक (अग्निशमन सेवा) के पद के लिए चुने गए उम्मीदवारों को निम्नानुसार एक ज़मानत बॉन्ड निष्पादित करना होगा: -

| प्रशिक्षण के दौरान त्यागपत्र | | प्रशिक्षण के बाद त्यागपत्र अर्थात स्टेशन पर तैनाती की तिथि से | |
|---|---|---|---|
| 01 महीने से 02 महीने तक | रु 50,000/- | 1 वर्ष तक | रु 3,00,000/- |
| 02 महीने से 03 महीने तक | रु 75,000/- | 01 वर्ष से 02 वर्ष तक | रु 2,00,000/- |
| 03 महीने से अधिक प्रशिक्षण पूरा होने तक | रु 1,00,000/- | 02 वर्ष से 03 वर्ष तक | रु 1,00,000/- |
| | | 03 वर्ष से अधिक | शून्य |

xi) चयनित उम्मीदवारों को भारत में कहीं भी तैनात किया जा सकता है।

## ब) लिखित परीक्षा: कंप्यूटर आधारित (ऑनलाइन) परीक्षा

| पद कोड | पद का नाम एवं स्तर | समय अवधि | कम्प्युटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) के लिए योग्यता अंक | निर्देश का माध्यम | भारांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वरिष्ठ सहायक (राजभाषा) (एनई-06) | कंप्यूटर आधारित (ऑनलाइन) परीक्षा की समय अवधि 2 घंटे (120 मिनट) होगी। स्क्राइब की सुविधा का लाभ नहीं उठाने वाले दिव्यांग उम्मीदवारों को परीक्षा की सामान्य अवधि यानी 2 घंटे से अधिक 40 मिनट का "प्रतिपूरक समय" दिया जाएगा। | उम्मीदवारों (अनारक्षित/ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/ अन्य पिछड़ा वर्ग ( नॉन क्रीमी लेयर )/ पूर्व सैनिक) के लिए अर्हक अंक 100 में से 50 होंगे। | हिन्दी | भाग-ए - 50% भारांक पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता से संबंधित विषयों पर प्रश्न। भाग-बी - 50% भारांक सामान्य ज्ञान, सामान्य बुद्धि, सामान्य योग्यता, अंग्रेजी, आदि। |
| 2 | कनिष्ठ सहायक (मानव संसाधन) (एनई-04) | | | हिन्दी और अंग्रेजी | |
| 3 | वरिष्ठ सहायक (प्रचालन) (एनई-06) | | | हिन्दी और अंग्रेजी | |
| 4 | वरिष्ठ सहायक (इलेक्ट्रॉनिक्स) (एनई-06) | | | हिन्दी और अंग्रेजी | भाग-ए - 70% भारांक पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता से संबंधित विषयों पर प्रश्न। भाग-बी - 30% भारांक सामान्य ज्ञान, सामान्य बुद्धि, सामान्य योग्यता, अंग्रेजी, आदि। |
| 5 | वरिष्ठ सहायक (वित्त) (एनई-06) | | अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए अर्हक अंक 100 में से 40 होंगे। | हिन्दी और अंग्रेजी | |
| 6 | कनिष्ठ सहायक (अग्निशमन सेवाएं) (एनई-04) | | | हिन्दी और अंग्रेजी | भाग-ए - 50% भारांक पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता से संबंधित विषयों पर प्रश्न। भाग-बी - 50% भारांक सामान्य ज्ञान, सामान्य बुद्धि, सामान्य योग्यता, अंग्रेजी, आदि। |

## 7 .महत्वपूर्ण निर्देश:

(i) केवल भारतीय नागरिक जो महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और गोवा के अधिवासी हैं, उपरोक्त पद के लिए आवेदन कर सकते हैं।

(ii) उम्मीदवार जिनके अंतिम सेमेस्टर / वर्ष की परीक्षा के परिणाम प्रतीक्षित हैं, उन्हें ऑनलाइन परीक्षा में इस शर्त पर सम्मिलित होने की अनुमति होगी कि वे दस्तावेजों के सत्यापन के समय अंतिम परिणाम प्रस्तुत करेंगे। इस संबंध में और कोई छूट नहीं दी जाएगी।

(iii) आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव और अन्य सभी पात्रता की गणना **30.09.2022** की स्थिति के अनुसार की जाएगी।

(iv) केंद्र सरकार/राज्य सरकार/स्वायत्त निकाय/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में पहले से कार्यरत उम्मीदवारों के लिए दस्तावेज के सत्यापन के समय वर्तमान नियोक्ता से" **अनापत्ति प्रमाण पत्र "** प्रस्तुत करना आवश्यक होगा, इसके अभाव मे उसकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा। अनापति प्रमाणपत्र के स्थान पर अन्य दावों जैसे चयन की स्थिति में त्यागपत्र देने का वचन देना, एनओसी के लिए किए गए आवेदन / त्यागपत्र की पावती, अनुभव प्रमाणपत्र आदि मान्य नहीं होगा|

(v) **अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति प्रमाणपत्र**: -अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित रिक्तियों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार ध्यान दे की उन्हे सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी मूल जाति प्रमाणपत्र की स्व-अभिप्रमाणित प्रति के साथ दस्तावेज़ सत्यापन के समय भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप मे जमा करना होगा, ऐसा नहीं करने पर उसकी उमीदवारी रद्द कर दी जाएगी और आगे की चयन प्रक्रिया के लिए उस पर विचार नहीं किया जाएगा|

(vi) **अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाणपत्र :-** अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) श्रेणी के लिए आरक्षित रिक्तियां भारत सरकार के दिशानिर्देश के अनुसार केवल गैर-क्रीमी लेयर (एनसीएल) से संबंधित अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध हैं। अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित रिक्तियों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को ध्यान देना चाहिए कि दस्तावेज सत्यापन के समय, उन्हें अन्य पिछड़ा वर्ग की केंद्रीय सूची में अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय से संबंधित होने और उनके अन्य पिछड़ा वर्ग के "क्रीमी लेयर" से संबंधित नहीं होने के समर्थन में तहत पदों पर नियुक्ति के लिए भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप में वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैध अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। अपनी नियुक्ति से पहले उम्मीदवार के द्वारा एक घोषणापत्र भी प्रस्तुत किया जाएगा कि वह अन्य पिछड़ा वर्ग के क्रीमी लेयर से संबंधित नहीं है। शैक्षणिक उद्देश्यों में प्रवेश के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) प्रमाणपत्र पर विचार नहीं किया जाएगा।

(vii) **अधिवास प्रमाणपत्र** - : अधिवास प्रमाणपत्र संबंधित राज्य के निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

(viii) **आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग प्रमाणपत्र:** - आर्थिक रूप से कमजोर श्रेणी के लिए आरक्षित रिक्तियों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को ध्यान देना चाहिए कि दस्तावेजों के सत्यापन के समय, उन्हें सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी (तहसीलदार के पद से नीचे का नहीं) भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप में वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए वैध आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का प्रमाणपत्र जमा करना होगा ताकि यह साबित हो सके कि वे आर्थिक रूप से कमजोर की श्रेणी से संबंधित हैं।

(ix) **दिव्यांग प्रमाणपत्र** :- दिव्यांग श्रेणी के लिए आरक्षित रिक्तियों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को ध्यान देना चाहिए कि उन्हें दस्तावेजों के सत्यापन के समय भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैध दिव्यांगता प्रमाणपत्र जमा करना होगा। शारीरिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों के लिए आरक्षित कोटा के तहत आवेदन करने वाले आवेदकों की दिव्यांगता 40% से कम नहीं होनी चाहिए (जैसा कि भारत सरकार के दिशानिर्देशों में निर्धारित है) जो चिकित्सा अधीक्षक/मुख्य चिकित्सा अधिकारी/अस्पताल के प्रमुख (मुहर के साथ) द्वारा भरा और प्रतिहस्ताक्षरित दिव्यांगता प्रमाणपत्र ऑन-लाइन आवेदन जमा करते समय अपलोड करना होगा। यदि आवश्यक हो तो स्क्राइब की व्यवस्था उम्मीदवार द्वारा अपने खर्चे पर की जानी चाहिए। उम्मीदवार द्वारा नियोजित स्क्राइब भर्ती अधिसूचना की परीक्षा के लिए उम्मीदवार/आवेदक नहीं होना चाहिए। यदि प्रक्रिया के किसी भी चरण में उपरोक्त का उल्लंघन पाया जाता है, तो उम्मीदवार और स्क्राइब दोनों की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

(x) **पूर्व सैनिक: - सेवामुक्ति प्रमाणपत्र और वचनबंध पत्र** (जैसा कि भारत सरकार के दिशानिर्देशों में निर्धारित है) की स्कैन की हुई प्रति को आवेदन के समय अपलोड करना आवश्यक है। दिव्यांग पूर्व सैनिक और कार्य करते हुए शहीद पूर्व सैनिकों के आश्रित भी प्रासंगिक उचित दस्तावेज की स्कैन की गई प्रति अपलोड कर सकते हैं।

(xi) सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रिमी लेयर)/आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग/दिव्यांगता प्रमाणपत्र हिंदी या अंग्रेज़ी में होना चाहिए। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रिमी लेयर) के लिए जाति के नाम में कोई परिवर्तन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(xii) हिंदी / अंग्रेजी के अलावा अन्य दस्तावेजों का हिंदी / अंग्रेजी में राजपत्र अधिकारी या नोटरी द्वारा विधिवत अभिप्रमाणित प्रतिलेख जमा करना होगा।

(xiii) जहां अनिवार्य योग्यता की अर्हक डिग्री में विशेषज्ञता आवश्यक है, उम्मीदवार को विश्वविद्यालय /संस्थान से अर्हक डिग्री में विशेषज्ञता को स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट करते हुए एक प्रमाणपत्र जमा करना होगा।

(xiv) जहां पद के लिए अनिवार्य योग्यता के रूप में अर्हक डिग्री में एक विशिष्ट विषय की आवश्यकता होती है और उसकी मार्कशीट में उसका विशेष रूप से उल्लेख नहीं किया जाता है, उम्मीदवार को विश्वविद्यालय / संस्थान से एक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है, जो यह पुष्टि करता है कि उम्मीदवार ने अर्हक डिग्री में आवश्यक विषय (यों) का अध्ययन किया है।

(xv) विधियों के अनुसार शैक्षणिक और अन्य योग्यताएं सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से प्राप्त की जानी चाहिए।

(xvi) उम्मीदवार को आवेदन के संबंधित कॉलम में प्राप्त किए गए अंकों के प्रतिशत [दशमलव के निकटतम दो अंकों तक गणना की जाए] का विशेष रूप से उल्लेख करना है। जहां विश्वविद्यालय द्वारा अंकों का प्रतिशत नहीं प्रदान किया जाता है और केवल सीजीपीए/ओजीपीए/डीजीपीए/सीपीआई आदि प्रदान किया जाता है, उसे इस संबंध में विश्वविद्यालय के रूपांतरण मानदंडों की शर्तों के अनुसार प्रतिशत में परिवर्तित किया जाना चाहिए। दस्तावेजों के सत्यापन के लिए बुलाए जाने पर उम्मीदवार को विश्वविद्यालय /

संस्थान द्वारा जारी तुलना प्रमाणपत्र /दस्तावेज, जो अंकों के समकक्ष प्रतिशत का प्रमाण देता हो, प्रस्तुत करना होगा।

(xvii) परिणाम की घोषणा / अंक पत्र जारी करने की तिथि को योग्यता प्राप्त करने की तिथि माना जाएगा और इस संबंध में कोई छूट नहीं दी जाएगी।

(xviii) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे एक ही पद के लिए दोबारा पंजीकरण का प्रयास न करें, क्योंकि एक ही पद के लिए कई पंजीकरण के मामले में उम्मीदवार को बिना किसी सूचना/संदेश के उम्मीदवारी रद्द/अस्वीकार की जा सकती है।

(xix) उम्मीदवार प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग पंजीकरण के साथ कई पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं, जो कि इस शर्त के अधीन होगा कि वे पद के लिए आवश्यक अन्य सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं और प्रत्येक पद के लिए लागू शुल्क अलग से जमा करते हैं।

(xx) सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (जो कि आयडीए वेतनमान का अनुसरण करते हैं) से आने वाले कर्मचारियों के मामले में: भा.वि.प्रा में सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्त होने वाले सभी पात्र कर्मचारियों को वैयक्तिक वेतन के रूप में अधिकतम 3(तीन) वेतन वृद्धि तक वेतन सुरक्षा दी जाएगी और उम्मीदवार का प्रारंभिक मूल वेतन चयन पद के वेतनमान के आरंभिक स्तर पर निर्धारित किया जाएगा। वेतन का अर्थ मूल वेतन से है। वैयक्तिक वेतन के उक्त घटक को उच्च वेतनमान/वेतन पुनरीक्षण में वेतन निर्धारण के दौरान समाहित किया जाएगा। वैयक्तिक वेतन को एक अलग घटक के रूप में दर्शाया जाएगा और मंहगाई भत्ता सहित अन्य किसी भी उद्देश्य के लिए नहीं गिना जाएगा ।

(xxi) केंद्र/राज्य सरकार के मंत्रालयों/विभागों (जो कि सीडीए वेतनमान का अनुसरण करते हैं) से आने वाले कर्मचारियों के मामले में: भा.वि.प्रा में सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्त होने वाले सभी पात्र कर्मचारियों को वैयक्तिक वेतन के रूप में अधिकतम 3 (तीन) वेतन वृद्धि तक वेतन सुरक्षा दी जाएगी और यह कि उम्मीदवार का प्रारंभिक मूल वेतन चयन पद के वेतनमान के आरंभिक स्तर पर निर्धारित किया जाएगा। वेतन का अर्थ मूल वेतन + डीए से है। वैयक्तिक वेतन को एक अलग घटक के रूप में दर्शाया जाएगा और मंहगाई भत्ता सहित अन्य किसी भी उद्देश्य के लिए नहीं गिना जाएगा ।

(xxii) किसी भी परिस्थिति में अंकों के प्रतिशत को निकटतम संख्या तक पूर्णांकित करना नियुक्ति हेतु विचार करने के लिए स्वीकार्य नहीं होगा अर्थात 49.99% को 50% से कम माना जाएगा।

## 8. कदाचार के विरुद्ध कार्रवाई:

i) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे "ऑन-लाइन" आवेदन भरते समय (सही जानकारी प्रस्तुत करें और ) कोई भी मिथ्या, छेड़छाड़ की गई, मनगढ़ंत दस्तावेज / सूचना प्रस्तुत न करे या किसी भी महत्वपूर्ण जानकारी को न छुपाए।

ii) भर्ती की किसी भी प्रक्रिया के दौरान या बाद में, यदि कोई उम्मीदवार किसी कदाचार का दोषी पाया जाता है जैसे कि:

क) किसी व्यक्ति द्वारा प्रतिरूपण करना या प्रतिरूपण प्राप्त करना; या

ख) चयन प्रक्रिया के दौरान अपनी उम्मीदवारी के संबंध में किसी भी अनियमित माध्यम का सहारा लेना;

ग) या किसी भी रूप में प्रचार करना/किसी भी तरह से अपनी उम्मीदवारी के लिए अनुचित प्रभाव का प्रयोग करना; या

घ) झूठे प्रमाण पत्र/दस्तावेज/सूचना प्रस्तुत करना या किसी भी स्तर पर किसी भी जानकारी को छुपाना; या

ङ) परीक्षा में उपस्थित होने के समय या उसके बाद अपनी श्रेणी (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रिमी लेयर)/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/दिव्यांग/ पूर्व सैनिक/भा.वि.प्रा अप्रेंटिस) के बारे में गलत जानकारी देने से; उनकी उम्मीदवारी को सरासरी तौर पर निरस्त कर दिया जाएगा और सेवा से बर्खास्त कर दिया जाएगा, इसके अलावा कोई अन्य कार्रवाई या कानूनी स्त्रोत, जैसा उचित समजा जाएगा, के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी ।

## 9. आवेदन शुल्क तथा उसके प्रेषण का माध्यम :

| क्र.सं. | श्रेणी | आवेदन शुल्क |
|---|---|---|
| 1. | अनारक्षित /अन्य पिछड़ा वर्ग/ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग श्रेणी से संबंधित उम्मीदवार | * रु.1000/- मात्र (रुपये एक हजार मात्र) |
| 2. | महिला / अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / दिव्यांग व्यक्ति / पूर्व सैनिक उम्मीदवार / एएआई में शिक्षुता प्रशिक्षण पूरा करने वाले प्रशिक्षु (अप्रेंटिस) | लागू नहीं |
| नोट: *बैंक शुल्क और सेवा कर को छोड़कर | | |

- **भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण** केवल ऑनलाइन नेट बैंकिंग/क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/यूपीआई के माध्यम से शुल्क स्वीकार करेगा।

- उम्मीदवारों को चयनित भुगतान माध्यमों पर लागू होने वाले प्रभारों/ कमीशन प्रभार को जांचना आवश्यक है, जिनका वहन उम्मीदवार द्वारा स्वयं किया जाएगा ।

- एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। डुप्लीकेट भुगतान, यदि कोई हो, आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के बाद वापस कर दिया जाएगा।

## 10. ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए निर्देश: -

पद के लिए आवेदन करने से पहले, उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता और अन्य मानदंडों को पूरा करता है। गलत/झूठी सूचना प्रस्तुत करना अनर्हता होगा तथा ऐसे गलत/झूठी सूचना प्रस्तुत करने पर किसी दुष्परिणाम के लिए भा.वि.प्रा उत्तरदायी नहीं होगा।

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि ऑन-लाइन आवेदन करने से पहले निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें और ऑनलाइन आवेदन के मुख्य पृष्ठ पर दिए गए सभी निर्देश भी पढ़ें:

i) उम्मीदवारों को **www.aai.aero** पर "**कैरियर**" टैब के अंतर्गत उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑन-लाइन आवेदन करना होगा। कोई भी अन्य साधन/माध्यम से प्रस्तुत किए गए आवेदन को किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ii) आवेदक को निर्देश पृष्ठ को देखकर और उन्हें नीचे दिए गए "**I AGREE**" चेक बॉक्स पर क्लिक करके नियम और शर्तों को स्वीकार करना और "**START**" बटन दबाना होगा।

iii) ऑन-लाइन आवेदन भरने से पहले, उम्मीदवारों को निम्नलिखित विवरण/दस्तावेज/सूचना अपने पास रखनी होगी: -

- क) उम्मीदवारों के पास एक वैध व्यक्तिगत ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर होना चाहिए। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वैध व्यक्तिगत ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर प्रदान करें ।
- ख) फोटोग्राफ हाल ही का पासपोर्ट आकार का कलर फोटोग्राफ (03 महीने से अधिक पुरानी नहीं) होना चाहिए। उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि एक ही तस्वीर का उपयोग इस भर्ती प्रक्रिया के दौरान किया जाए ।
- ग) स्कैन किए गए हस्ताक्षर।

iv) उम्मीदवार द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में एक बार भरी गई श्रेणी में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा।

## 11. आवेदन कैसे करें:-

i) उम्मीदवारों के पास एक वैध व्यक्तिगत ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर होना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि यह पूरी भर्ती प्रक्रिया के दौरान सक्रिय है। आवेदन क्रम संख्या, उपयोगकर्ता आईडी, पासवर्ड और अन्य सभी महत्वपूर्ण सम्प्रेषण उसी पंजीकृत ई-मेल आईडी पर (कृपया सुनिश्चित करें कि इस मेलबॉक्स पर भेजा गया ईमेल आपके जंक/स्पैम फ़ोल्डर पर रीडायरेक्ट नहीं किया गया है) और मोबाइल नंबर पर भेजे जाएंगे।

ii) उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन भरते समय सही विवरण देने/प्रदान करने में अत्यधिक सावधानी बरतनी चाहिए। आप आवेदन जमा करने से पहले जानकारी को एडिट कर सकते हैं। एक बार जमा किए गए आवेदन को एडिट / वापस नहीं लिया जा सकता है और एक बार भुगतान किया गया शुल्क न तो वापस किया जाएगा और न ही समायोजित किया जाएगा।

iii) आवेदन जमा करने की प्रक्रिया नीचे दी गई है:-

## चरण-I साइन-अप

क) भर्ती के नियमों और शर्तों से सहमत उम्मीदवार बॉक्स में (√) पर क्लिक करके और 'स्टार्ट' बटन दबाकर आवेदन कर सकते हैं ।

ख) उम्मीदवार सभी वांछित जानकारी अर्थात, पद के लिए आवेदन, उम्मीदवार का नाम, ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर, आदि सही ढंग से भरे ।

ग) साइन इन के दौरान पद के लिए आवेदन, श्रेणी, उम्मीदवार का नाम, मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी भरकर साइन-अप करके सबमिट बटन/ टैब पर क्लिक करने के बाद, उम्मीदवारों को उनके पंजीकृत ई-मेल आईडी पर आवेदन अनुक्रम संख्या (उपयोगकर्ता आईडी) और पासवर्ड प्राप्त होगा । अब, उम्मीदवार को "लॉग आउट" टैब (ऊपरी दाएं कोने पर दिया गया) पर क्लिक करना होगा और चरण- II के लिए फिर से लॉग इन करना होगा। चरण- I के पूरा होने पर, उम्मीदवार के पंजीकृत ईमेल आईडी / मोबाइल नंबर पर यूजर आईडी (आवेदन अनुक्रम संख्या) और पासवर्ड के साथ साइन-अप मेल प्राप्त होगा, जिसमें उनके साइन अप की पुष्टी होगी।

## चरण-II आवेदन पत्र भरना

घ) साइन-अप के बाद, उम्मीदवार को फिर से लॉग इन करना होगा और उपरी दाएं कोने में "आवेदन पत्र पर जाएं" आइकन पर क्लिक करना होगा, अपनी श्रेणी और अन्य अनिवार्य विवरण का चयन करे और व्यक्तिगत विवरण, योग्यता विवरण, फोटो / हस्ताक्षर / प्रासंगिक दस्तावेज अपलोड करे और शुल्क (जहां लागू हो) ऑनलाइन मोड ( डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग/UPI आदि **Pay U** के माध्यम से जमा करे।

ड) फोटोग्राफ, हस्ताक्षर और दस्ताएवज की स्कैनिंग के संबंध में निर्देश: उम्मीदवारों को नीचे दी गई प्रक्रिया के अनुसार jpg/jpeg प्रारुप में अपनी फोटो और हस्ताक्षर की स्कैन (डिजिटल) छवि अपलोड करनी होगी:

**फोटोग्राफ छवि :**

- ✓ फोटोग्राफ हाल ही का पासपोर्ट आकार का रंगीन चित्र होना चाहिए जो हल्के बैकग्राउंड (03 महीने से अधिक पुराना न हो) पर होना चाहिए ।
- ✓ आराम से चहरे के साथ सीधे कैमरे की ओर देखे ।
- ✓ स्कैन की गई छवि का आकार केवल jpg/jpeg प्रारूप में 20kb से 100kb तक होना चाहिए ।

**हस्ताक्षर छवि :**

- ✓ आवेदक को श्वेत पत्र पर काली स्याही के पेन से हस्ताक्षर करने होंगे ।
- ✓ हस्ताक्षर केवल आवेदक द्वारा हस्ताक्षरीत होना चाहिए न कि किसी अन्य व्यक्ति द्वारा ।
- ✓ कृपया केवल हस्ताक्षर क्षेत्र को स्कैन करे, पूरे पृष्ठ को नहीं ।
- ✓ फाइल का आकार केवल jpg/jpeg प्ररूप में 10kb से 100kb तक होना चाहिए ।

iii) अन्य प्रासंगिक दस्तावेज PDF/JPEG में 1 MB तक।

**आवेदन पत्र के साथ स्कैन करके संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज प्रपत्र** :

- ❖ जन्मतिथि के प्रमाण के रूप में मैट्रिक उत्तीर्णता प्रमाणपत्र / जन्म प्रमाणपत्र
- ❖ संबंधित राज्य के निर्धारित प्रारूप में अधिवास प्रमाणपत्र
- ❖ शैक्षिक योग्यता प्रमाणपत्र मार्कशीट सहित जैसा कि ऊपर बिंदु संख्या 4 में उल्लिखित है।
- ❖ हिंदी में 25 शब्द प्रति मिनट या अंग्रेजी में 30 शब्द प्रति मिनट का सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से जारी किया गया टंकण प्रमाणपत्र। **(केवल पद कोड: 2 के लिए लागू)**
- ❖ 30.09.2022 को वैध लाइट मोटर वेहिकल ड्राइविंग लाइसेंस की प्रति (**केवल पद कोड: 3 के लिए लागू)**
- ❖ 3 से 6 महीने का कंप्यूटर प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रमाणपत्र (**केवल पद कोड: 5 के लिए लागू)**
- ❖ हैवि मोटर वेहिकल ड्राइविंग लाइसेंस की प्रति/ 30.09.2022 से कम से कम एक वर्ष पूर्व जारी वैध मीडियम मोटर वेहिकल ड्राइविंग लाइसेंस / 30.09.2022 से कम से कम दो साल पहले जारी वैध लाइट मोटर वाहन लाइसेंस की प्रति **(केवल पद कोड: 6 के लिए लागू)**
- ❖ संबंधित डिसिप्लिन में दो साल के प्रासंगिक अनुभव का प्रमाणपत्र **(केवल पद कोड: 1 से 5 के लिए लागू)**
- ❖ भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप के अनुसार सामुदाय प्रमाणपत्र। (अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) श्रेणी के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को लागू), ओबीसी (एनसीएल) प्रमाणपत्र वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए वैध होना चाहिए।
- ❖ भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप के अनुसार सक्षम प्राधिकारी (तहसीलदार के पद से नीचे नहीं) द्वारा जारी किया गया वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए मान्य ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र । (ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए लागू)।

- ❖ भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप के अनुसार दिव्यांग प्रमाणपत्र लागू (दिव्यांग श्रेणी के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों पर लागू)

- ❖ भारत सरकार के प्रारूप में ईएसएम उम्मीदवारों के लिए सेवामुक्ति प्रमाण पत्र और वचनबंध पत्र का फॉर्म। दिव्यांग पूर्व सैनिक और कार्य करते हुए शहीद पूर्व सैनिकों के आश्रित भी प्रासंगिक दस्तावेज की स्कैन की हुई प्रति अपलोड कर सकते हैं (ईएसएम श्रेणी के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए लागू)

- ❖ अनापत्ति प्रमाणपत्र (सरकारी / पीएसयू आदि में काम करने वाले उम्मीदवारों के लिए लागू)

- ❖ विधवाएं, तलाकशुदा महिलाएं और महिलाएं न्यायिक रूप से अपने पति से अलग हो गई हैं और जिन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया है, वे संबंधित दस्तावेज की स्कैन कॉपी अपलोड करे।

- ❖ प्रशिक्षुता प्रमाणपत्र **(यदि लागू हो)**

- ❖ भा.वि.प्रा पहचान पत्र **( भा.वि.प्रा के विभागीय कर्मचारियों के लिए लागू)**

च) दर्ज विवरण देखने के लिए PREVIEW बटन पर क्लिक करे

छ) कृपया आवेदन जमा करने से पहले आवेदन के सभी पहलूओं और फोटो/हस्ताक्षर की जाँच सुनिश्चित करे ।

ज) कृपया ध्यान दे कि सबमिट बटन पर क्लिक करने के बाद आप अपने आवेदन को संपादित/ संशोधित नहीं कर सकते।

झ) एक बार आवेदन जमा करने के बाद, उम्मीदवारों को स्वचालित रूप से ऑनलाइन मोड (जहाँ आवश्यक हो) के माध्यम से आवेदन शुल्क जमा करने के लिए भुगतान गेटवे पर पुन: निर्देशित किया जाएगा।

ञ) शुल्क के प्रेषण के लिए दिशानिर्देश निम्नानुसार है (यदि लागू हो)

- जमा करने के बाद, उम्मीदवार को आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के लिए भुगतान पेयु गेटवे पर पुनः निर्देशित किया जायेगा।
- कृपया विवरण सत्यापित करे और विभिन्न भुगतान मोड़ के माध्यम से आवेदन शुल्क का भुगतान करें।
- आवेदन शुल्क के सफल भुगतान के बाद, उम्मीदवार को उसके आवेदन पत्र पर पुनः निर्देशित किया जायेगा।

**ट) ऑन-लाइन आवेदन भरने से संबंधित तकनीकी प्रश्न/स्पष्टीकरण के लिए कृपया बेझिझक संपर्क पोर्टल या हेल्पडेस्क नंबर +91 9513166392 में एकीकृत हेल्पडेस्क टैब के माध्यम से संपर्क करे** ।

## टिपणी :

i) अपूर्ण आवेदन को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा ।

ii) उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन पत्र में सभी सूचनाओं को सही ढंग से दर्ज करना है और अंतिम जमा करने से पहले इसे सत्यापित करने की आवश्यकता है, क्योंकि आवेदन पत्र जमा करने के बाद परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी।

iii) आवेदन के सफलतापूर्वक जमा होने पर, विधिवत भरा हुआ आवेदन, आवेदन संख्या के साथ उम्मीदवार की पंजीकृत ईमेल आईडी पर भेजा जाएगा।

iv) उम्मीदवार को सिस्टम द्वारा उत्पन्न पंजीकरण पर्ची को आवेदन क्रम संख्या और पासवर्ड के साथ डाउनलोड करना आवश्यक है। जमा किए गए आवेदन का प्रिंट आउट लिया जा सकता है और भविष्य के संदर्भ के लिए रखा जा सकता है। एएआई कार्यालय को प्रिंटआउट भेजने की कोई आवश्यकता नहीं है।

v) **उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी समाचार पत्र/वेबसाइट/मोबाइल ऐप आदि में आने वाले कपटपूर्ण विज्ञापनों का जवाब न दें। किसी भी जानकारी की प्रामाणिकता के लिए, उम्मीदवार केवल एएआई की वेबसाइट www.aai.aero पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन पर जा सकते हैं।**

## 12. सामान्य निर्देश :-

i) आवेदन जमा करने से पहले, उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना होगा कि वह सभी पात्रता और विज्ञापन में उल्लिखित अन्य मानकों को पूरा करता है । वे अंतिम रूप से आवेदन फॉर्म को जमा करने से पहले उसमें दी जाने वाली सूचनाएं जैसे जन्म तिथि, श्रेणी, उप-श्रेणी [एससी/एसटी/ओबीसी(एनसीएल)/पीडब्ल्यूडी/ईडब्ल्यूएस/पूर्व सैनिक] एवं ईमेल पहचान आदि का प्रतिपरीक्षण करे, क्योंकि उसके बाद कोई सुधार संभव नहीं होगा ।

ii) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इस विज्ञापन में उल्लिखित आवेदन की अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना भारी दबाव के कारण होने वाले इंटरनेट/वेबसाइट जाम /डिस्कनेक्शन से संभावित डिस्कनेक्शन/अक्षमता/ विफलता से वेबसाइट में उत्पन्न होने वाले लॉग इन फेल्योर से बचने के लिए बहुत पहले ऑनलाइन आवेदन कर दें ।

iii) उपरोक्त कारणों से या भा.वि.प्रा के नियंत्रण से परे किसी अन्य कारण से उम्मीदवारों के निर्धारित अंतिम तारीख के भीतर अपने आवेदन फॉर्म जमा नहीं कर पाने के लिए भा.वि.प्रा की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।

iv) ऑनलाइन परीक्षा **पणजी (गोवा), अहमदाबाद, औरंगाबाद, मुंबई, भोपाल** में आयोजित की जाएगी । उम्मीदवारों की संख्या के आधार पर परीक्षा केंद्रों के स्थान घटाए या बढ़ाए

जा सकते हैं, ऐसे मामले में उम्मीदवारों को उनके द्वारा निर्दिष्ट किए गए परीक्षा केंन्द्रों के अलावा भी किसी अन्य परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना पडेगा।

v) उम्मीदवार की पात्रता मानदंड ; वे चरण जिन पर पात्रता की जांच की जानी है; आवेदनों की स्वीकृति या अस्वीकृति, पद पर चयन का तरीका, उम्मीदवार का चयन और भर्ती से संबंधित कोई भी अन्य मामले आदि सभी उम्मीदवारों के लिए अंतिम और बाध्यकारी होंगे। भा.वि.प्रा प्रबंधन के पास ऑनलाइन परीक्षा के लिए मानक, स्क्रीनिंग के विनिर्देश और उम्मीदवारों की संख्या को आमंत्रित करने का अधिकार सुरक्षित है। केवल योग्यता की पूर्ति, अनुभव तथा नौकरी की आवश्यकता को पूरा करने से कोई उम्मीदवार दस्तावेज़ सत्यापन हेतु बुलाए जाने के लिए पात्र नहीं होगा । अपात्र पाए गए उम्मीदवारों से किसी भी प्रकार के अंतरिम पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा तथा दस्तावेजों के सत्यापन के लिए नहीं बुलाया जाएगा ।

vi) भा.वि.प्रा, यदि आवश्यक हो तो, बिना कोई और नोटिस जारी किए या कोई कारण बताए बिना भर्ती प्रक्रिया को संशोधित/ बदलने/ प्रतिबंधित/विस्तारित/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। भा.वि.प्रा प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा और इस संबंध में किसी भी अपील पर विचार नहीं किया जाएगा ।

vii) उम्मीदवारों के साथ सभी पत्राचार ई-मेल के माध्यम से किए जाएंगे और सभी सामान्य जानकारी भा.वि.प्रा वेबसाइट के माध्यम से प्रदान की जाएगी । कॉल लेटर की प्राप्ति, उसे डाउनलोड करना एवं मुद्रित करना / दस्तावेजों के सत्यापन/व्यावसायिक परीक्षण/नियुक्ति प्रस्ताव/ संबंधी कोई अन्य जानकारी प्राप्त करने की ज़िम्मेदारी उम्मीदवार की होगी। प्रेषित ई-मेल की क्षति, उम्मीदवार द्वारा दिए गए अवैध/ गलत ई-मेल आई डी के कारण देरी /सूचना संबंधी अप्राप्ति, यदि कोई उम्मीदवार अपना/अपनी ई-मेल आईडी/भा.वि.प्रा वेबसाइट देखने में देरी करता है तो भा.वि.प्रा की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

viii) यदि उम्मीदवार द्वारा प्रदान की गयी कोई भी जानकारी झूठी पाई जाती है या इस विज्ञापन में उल्लिखित मानदंडों के अनुरूप नहीं पाई जाती है तो पंजीकृत उम्मीदवारों की उम्मीदवारी भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में भर्ती / ज्वाइनिंग या उसके बाद खारिज की जा सकती है ।

ix) भा.वि.प्रा केंद्र सरकार / राज्य सरकार / स्वायत्तशासी निकाय/सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम में पहले से कार्यरत किसी भी उम्मीदवार के पिछले रोजगार के वेतन/छुट्टी वेतन/पेंशन योगदान आदि (यदि कोई हो) के कारण कोई दायित्व वहन नहीं करेगा ।

x) ऑनलाइन परीक्षा / व्यावसायिक परीक्षण में बैठने के लिए कोई टीए/डीए देय नहीं होगा।

xi) उम्मीदवार को अपने खर्च पर उपरोक्त पद के लिए कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा, शारीरिक मापन परीक्षा, ड्राइविंग परीक्षण, शारीरिक क्षमता परीक्षा / व्यावसायिक परीक्षण के लिए उपस्थित होना होगा।

xii) कंप्यूटर आधारित (ऑनलाइन) टेस्ट और उम्मीदवारों को जारी किए जाने वाले कॉल लेटर उपस्थित होने के लिए ई-प्रवेश पत्र विशुद्ध रूप से अनंतिम हैं। हालांकि, यदि किसी अपात्र उम्मीदवार को प्रवेश पत्र जारी किया गया है और वह ऑनलाइन लिखित परीक्षा में शामिल हुआ है या उसे भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में शामिल होने की अनुमति दी गई है, तो उसकी उम्मीदवारी उसकी अपात्रता के आधार भर्ती/सेवा के किसी भी स्तर पर स्वतः रद्द मानी जाएगी।

xiii) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के पास न्यूनतम योग्यता अंक और अन्य पात्रता मानदंड तय करने के लिए पूर्ण विवेक होगा ।

xiv) भा.वि.प्रा की चयन समिति का निर्णय चुनौती के लिए उत्तरदायी नहीं है और यह प्रत्येक उम्मीदवार के लिए अंतिम और बाध्यकारी होगा।

xv) किसी भी विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार मुंबई न्यायालय में होगा ।

xvi) सभी भावी पत्राचार/ आगे की अधिसूचनाएं /शुद्धिपत्र/जानकारी केवल भा.वि.प्रा की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने ईमेल खाते की जांच करते रहें और अधिक अपडेट के लिए नियमित रूप से भा.वि.प्रा की वेबसाइट www.aai.aero देखे।

xvii) **विज्ञापन में किसी विवाद की स्थिति में भा.वि.प्रा की वेबसाइट में प्रकाशित अँग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा ।**

xviii) वरिष्ठ सहायक (राजभाषा) (जहां ऑनलाइन परीक्षा केवल हिंदी में होगी) को छोड़कर अन्य सभी पदों के लिए ऑनलाइन परीक्षा द्विभाषी अर्थात हिंदी और अंग्रेजी होगी ।

xix) चयनित उम्मीदवारों को भारत में कहीं भी तैनात किया जा सकता है ।

## 13. घोषणाएं :-

भर्ती प्रक्रिया से संबंधित और सभी घोषणाएं केवल एएआई वेबसाइट https://www.aai.aero/en/careers/recruitment पर समय-समय पर प्रकाशित/उपलब्ध कराई जाएंगी।

**14. अस्वीकरण :-**

ऑनलाइन आवेदन संबंधी सत्यापन नियम और डिजाइन, भा.वि.प्रा की वेबसाइट https://www.aai.aero/en/careers/recruitment में प्रकाशित भर्ती विज्ञापन (विज्ञापन संख्या **DR-02/10/2022/WR)** पर आधारित हैं । हालांकि, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है के वे भर्ती विज्ञापन / अधिसूचना सावधानीपूर्वक पढ़े और यह सुनिश्चित करे कि वे ऑनलाइन आवेदन करने से पहले विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हों । ऑनलाइन फॉर्म के माध्यम से जमा किए गए आवेदन का अर्थ यह नहीं है कि उम्मीदवार ने विज्ञापन में दिए गए सभी मानदंडों को पूरा कर लिया है । आवेदित किए गए पद के संबंध में विज्ञापन **DR-02/10/2022/WR)** में उल्लिखित पात्रता मानदंडों की लंबित जांच पूरी किए जाने तक पूरी चयन/भर्ती प्रक्रिया में आपकी उम्मीदवारी "पूर्णतया अनंतिम" है । यदि यह पाया जाता है कि उम्मीदवार विज्ञापन में उल्लिखित योग्यता मानदंडों को पूरा नहीं करता है तथा उम्मीदवार द्वारा प्रदान की गई कोई भी जानकारी झूठी पाई जाती है या विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंडों जैसे - आयु, समुदाय, श्रेणी, उप-श्रेणी, आवेदन शुल्क, अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता (ओं) तथा पद के लिए निर्धारित अनुभव के अनुरूप नहीं है, तो चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में और नियुक्ति के बाद भी आपकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

**महाप्रबंधक (मानव संसाधन), पश्चिमी क्षेत्र**
**कृते क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक**
**भा.वि.प्रा., पश्चिमी क्षेत्र**